www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide





# राजनीति-विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध / POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
| *Time Allowed : **Three Hours*** | *Maximum Marks : **250*** |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें आठ (8) प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

www.prepp.in

## खण्ड A
## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) तुलनात्मक राजनीति के बदलते हुए स्वरूप का वर्णन कीजिए । तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन के राजकीय अर्थशास्त्र उपागम को संक्षेप में समझाइए ।

Describe the changing nature of Comparative Politics. Briefly explain the Political Economy approach to the study of Comparative Politics. *10*

(b) 21वीं शताब्दी में समावेशी संवृद्धि के संदर्भ में, विकासशील समाजों में राज्य के बदलते हुए स्वरूप का वर्णन कीजिए ।

Describe the changing nature of the State in the developing societies in the context of inclusive growth in the 21st century. *10*

(c) विकासशील देशों में राजनीतिक सहभागिता निर्धारित करने में पहचान कितनी बड़ी भूमिका निभाती है ? अपने उत्तर पर उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए ।

How big a role does identity play in determining political participation in the developing countries ? Discuss your answer with suitable illustrations. *10*

(d) हांस मॉर्गेन्थाऊ के क्लासिकी यथार्थवाद और केनेथ वाल्ट्ज़ के नवयथार्थवाद के बीच प्रमुख भिन्नताओं पर प्रकाश डालिए ।

Bring out the major differences between the Classical Realism of Hans Morgenthau and the Neorealism of Kenneth Waltz. *10*

(e) जोसेफ नाइ के अनुसार, किसी देश की नरम शक्ति (सॉफ्ट पावर) के प्रमुख स्रोत क्या-क्या हैं ? समकालीन विश्व राजनीति में, इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए ।

What, according to Joseph Nye, are the major sources of a country's soft power ? Discuss its relevance in the contemporary world politics. *10*

www.prepp.in

**Q2.** (a) विश्व राजनीति को गैर-पश्चिमी विश्व के एक अनन्य योगदान के रूप में, गुट निरपेक्ष आंदोलन के महत्त्व पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the significance of Non-Aligned Movement as a unique contribution of the Non-Western world to World Politics. *20*

(b) ट्रम्प के "अमरीका सर्वप्रथम" (अमरीका फर्स्ट) और शी के "चीनी स्वप्न" (चाइनीज़ ड्रीम) के विश्व राजनीति पर पड़ने वाले परिणामों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the consequences of Trump's "America First" and Xi's "Chinese Dream" on World Politics. *15*

(c) "कुछ लोग यह महसूस करते हैं कि बहुराष्ट्रीय निगम (एम.एन.सी.) आर्थिक संवृद्धि के अत्यावश्यक नवीन मार्ग हैं, जबकि अन्य महसूस करते हैं कि वे अल्प-विकास को स्थायी बनाए रखते हैं ।" चर्चा कीजिए ।

"Some feel Multinational Corporations (MNCs) are a vital new road to economic growth, whereas others feel they perpetuate underdevelopment." Discuss. *15*

**Q3.** (a) युद्ध क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के प्रस्ताव 1325 की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the relevance of UN Security Council Resolution 1325 on the security of women in conflict zones. *20*

(b) क्या आप सहमत होंगे कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय राजनीति पर चल रहे वाद-विवादों का ऐतिहासिक ज़िम्मेदारी और विकासीय मॉडल पर एक नए उत्तर-दक्षिण वैचारिक विभाजन के द्वारा बाधित होना जारी है ? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों के साथ सुस्पष्ट कीजिए ।

Would you agree that the on-going debates on international environmental politics continue to be marred by a new North-South ideological divide over historical responsibility and developmental model ? Illustrate your answer with suitable examples. *15*

(c) "अपने प्रारम्भ से ही दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) अपने वादों को पूरा करने में असफल रहा है ।" संगठन को पुनः शक्ति प्रदान करने के लिए क्या-क्या पहलें की जानी चाहिएँ ?

"Since its inception the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) has failed to deliver on its promises." What initiatives should be taken to reinvigorate the organization ? *15*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q4.** (a) मानव अधिकारों पर चल रहे वाद-विवादों के संदर्भ में "एशियाई मूल्यों" की धारणा का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the notion of "Asian Values" in the context of the on-going debates on human rights. *20*

(b) कोरियाई प्रायद्वीप के वि-नाभिकीयकरण की संभावनाओं पर ट्रम्प-किम सिंगापुर शिखर सम्मेलन के निहितार्थों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the implications of the Trump Kim Singapore Summit on the prospects of denuclearisation of the Korean Peninsula. *15*

(c) अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अध्ययन के प्रकार्यात्मक उपागम का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the Functionalist approach to the study of International Relations. *15*

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि भारत की विदेश नीति उत्तरोत्तर नव-उदारवादी दृष्टिकोण के द्वारा निर्धारित की जा रही है ? सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

Do you agree with the view that the Indian Foreign Policy is increasingly being shaped by the Neoliberal outlook ? Elaborate. *10*

(b) "अक्सर कहा जाता है कि भारत के पास एक समृद्ध सामरिक संस्कृति (स्ट्रेटेजिक कल्चर) है ।" चर्चा कीजिए ।

"India is often said to have a rich strategic culture." Discuss. *10*

(c) हाल के रोहिंग्या शरणार्थी मुद्दे पर भारत के अभिमत का मूल्यांकन कीजिए ।

Evaluate India's stand on the recent Rohingya refugee issue. *10*

(d) "पूर्ववर्ती शासनों की विदेश नीति की तुलना में भारत की वर्तमान विदेश नीति महत्त्वपूर्ण गुणात्मक परिवर्तनों को चिह्नित करती है ।" चर्चा कीजिए ।

"India's current foreign policy marks significant qualitative shifts from that of the previous regimes." Discuss. *10*

(e) उत्तर-पूर्व भारत के मूलवासियों के सरोकारों के प्रकाश में, भारत की 'पूर्व की ओर देखो नीति' के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the significance of India's Look East Policy in the light of concerns of the indigenous peoples of North-east India. *10*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q6.** (a) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) में भारत की बहुदलीय कूटनीति (कोएलिशनल डिप्लोमेसी) ने व्यापक सराहना अर्जित की है । भारत की बहुदलीय कूटनीति की सफलता के क्या कारण हैं ?

India's coalitional diplomacy within the WTO has earned it wide appreciation. What accounts for the success of India's coalitional diplomacy ? *20*

(b) "भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आई टेक) के अधीन भारत के क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के द्वारा भारत ने अफ्रीका में अपने लिए बहुत सद्भावना अर्जित कर ली है ।" चर्चा कीजिए ।

"India's capacity building programmes under the Indian Technical and Economic Cooperation (ITEC) has earned much goodwill for it in Africa." Discuss. *15*

(c) "विकासशील देशों के लिए भारत की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली" (आर.आई.एस.) दक्षिण-दक्षिण सहयोग के क्षेत्र में एक प्रमुख पहल है । चर्चा कीजिए ।

"India's Research and Information System for Developing Countries" (RIS) is a major initiative in the area of South-South Cooperation. Discuss. *15*

**Q7.** (a) विदेशों में भारत की नरम शक्ति (सॉफ्ट पावर) की प्रोन्नति करने में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (आई.सी.सी.आर.) की भूमिका पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the role of the Indian Council for Cultural Relations (ICCR) in promoting India's soft power abroad. *20*

(b) भारत-अमरीका संबंधों की प्रोन्नति करने में भारतीय प्रवासियों की भूमिका पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the role of Indian diaspora in promoting Indo-US relations. *15*

(c) भारत द्वारा सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के रास्ते में, विभिन्न बाधाओं पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the various impediments in India's way to a permanent seat in the Security Council. *15*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q8.** (a) क्या आपके विचार में अफगानिस्तान में भारत की क्षमता निर्माण भूमिका ने वहाँ पाकिस्तान के सामरिक क्षेत्र को संकुचित कर दिया है ? चर्चा कीजिए ।

Do you think that India's capacity building role in Afghanistan has shrunk the strategic space for Pakistan there ? Discuss. *20*

(b) व्यापार एवं पर्यावरण के क्षेत्रों में भारत एवं चीन के मध्य विकसित होती हुई अभिसारिता (कन्वर्जेंस) का समालोचनात्मक आकलन कीजिए ।

Critically assess the evolving convergence of India and China in the areas of trade and environment. *15*

(c) क्या आप सहमत हैं कि चीन की बढ़ती हुई आग्रहिता बहुस्तरीय भारत–जापान संबंधों की तरफ ले जा रही है ? टिप्पणी कीजिए ।

Do you agree that the growing assertiveness of China is leading to multilayered Indo–Japan relations ? Comment. *15*